# 1. भाषा और व्याकरण

## देखें कितना सीखा

**1. सही शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।**

(क) मौखिक भाषा में व्यक्ति **बोलता** और सुनता है।

(ख) व्याकरण भाषा का **शुद्ध** रूप सिखाता है।

(ग) **लिपि** भाषा को लिखने के चिह्न हैं।

(घ) जापान में **जापानी** भाषा बोली जाती है।

(ङ) पंजाब में **पंजाबी** भाषा बोलते हैं।

(च) बांग्ला की लिपि **बांग्ला** है।

**2. सही वाक्य पर ✓ तथा गलत पर ✗ लगाइए।**

(क) हमारी पुस्तकें लिखित भाषा में होती हैं। ✓

(ख) सभी भाषाओं की एक ही लिपि है। ✗

(ग) नेपाल की भाषा नेपाली है। ✓

(घ) संकेत हमारे किसी काम नहीं आते। ✗

(ङ) भाषा के दो रूप हैं। ✓

(च) हिंदी की लिपि गुरमुखी है। ✗

(छ) व्याकरण भाषा का शुद्ध प्रयोग सिखाता है। ✓

**3. चित्र देखकर भाषा का रूप लिखिए।**



मौखिक




लिखित



लिखित

4. **मौखिक भाषा वाले चित्रों पर [म] और लिखित भाषा वाले चित्रों पर [ल] लिखिए।**



# 2. वर्ण और वर्णमाला

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) वर्ण तथा वर्णमाला किसे कहते हैं?**

वर्ण भाषा की सबसे छोटी ध्वनि है, जिसके टुकड़े नहीं हो सकते। वर्णों के क्रम से लगे समूह को वर्णमाला कहते हैं।

**(ख) स्वर कितने होते हैं?**

स्वर ग्यारह (11) होते हैं।

**(ग) वर्णमाला में कितने व्यंजन होते हैं?**

वर्णमाला में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं।


**(घ) ड़ और ढ़ वाले दो-दो शब्द बताइए।**

सड़क, रबड़; पढ़ना, कढ़ाई।

**(ङ) संयुक्त व्यंजन कौन-से हैं?**

संयुक्त व्यंजन हैं– क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

**2. गमले में लिखे वर्णों में से स्वर और व्यंजन अलग करके फूलों में लिखिए।**




**3. संयुक्त व्यंजनों के दो-दो शब्द लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | क्ष | **कक्षा** | **क्षमा** | (ख) | त्र | **पत्र** | **त्रिशूल** |
| (ग) | ज्ञ | **ज्ञान** | **विज्ञान** | (घ) | श्र | **श्रम** | **श्रमिक** |

**4. दिए गए शब्दों के वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए।**

(क) फल **फ् + अ + ल् + अ**

(ख) तोता **त + ओ + त् + आ**

(ग) माला **म् + आ + ल् + आ**

(घ) कमल **क् + अ + म् + अ + ल् + अ**

(ङ) आदमी **आ + द् + अ + म् + ई**

# 3. स्वरों की मात्राएँ

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) **मात्रा किसे कहते हैं?**

मात्राएँ स्वरों के चिह्न होते हैं, जिन्हें व्यंजनों पर लगाया जाता है।

**(ख) किस स्वर वर्ण की मात्रा नहीं होती?**

'अ' स्वर की मात्रा नहीं होती है।

**(ग) 'ऋ' की मात्रा का एक शब्द बताइए।**

'ऋ' की मात्रा का शब्द है– 'कृपा'।

**(घ) 'र' वर्ण में उ-ऊ की मात्रा कहाँ पर लगाई जाती है?**

'र' वर्ण में उ-ऊ की मात्रा र वर्ण के मध्य में इस प्रकार लगती है –

र + उ की मात्रा ( ु ) = रु – रुकना, अरुण

र + ऊ की मात्रा ( ू ) = रू – अमरूद, रूप

**(ङ) अनुस्वार और अनुनासिक के मात्रा चिह्न क्या हैं?**

अनुस्वार का चिह्न ( ं ), अनुनासिक का चिह्न ( ँ )

**2. व्यंजन में स्वर की मात्रा लगाकर लिखिए।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | प् + औ | = | **पौ** | | (ङ) | क् + ऋ | = | **कृ** |
| (ख) | त् + ऐ | = | **तै** | | (च) | ह् + आ | = | **हा** |
| (ग) | र् + ऊ | = | **रू** | | (छ) | न् + ई | = | **नी** |
| (घ) | ल् + इ | = | **लि** | | (ज) | द् + उ | = | **दु** |

**3. 'कल' शब्द में आ, ई, उ, ऊ, ए, औ की मात्रा लगाकर शब्द बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| काला | कील | कुली |
| कूल | केला | कौन |

**4. 'र' वर्ण में उ, ऊ की मात्रा लगाकर दो-दो शब्द लिखिए।**

(क) रु – **रुपया** **रुकना**

(ख) रू – **रूप** **अमरूद**

**5. सही उत्तर चुनिए।**

(क) मात्राएँ किसकी होती हैं?

(i) व्यंजनों की ☐ (ii) स्वरों की ☑

(ख) मात्रा लगाई जाती हैं–

(i) स्वरों पर ☐ (ii) व्यंजनों पर ☑

(ग) उ-ऊ की मात्रा लगती है वर्ण के–

(i) ऊपर ☐ (ii) नीचे ☑

(घ) अनुस्वार की मात्रा होती है–

(i) चंद्रबिंदु ☐ (ii) बिंदु ☑

(ङ) ए, ऐ की मात्राएँ वर्ण के ______________ लगाई जाती हैं–

(i) ऊपर ☑ (ii) नीचे ☐

(च) विसर्ग की मात्रा है–

(i) : ☑ (ii) ँ ☐

**6. चित्र देखिए और सही मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए।**





र प य **रुपया**



थल **थैला**




घड़ **घड़ा**



क त ब **किताब**



मछल **मछली**




ट क र **टोकरी**


7. **चित्र देखकर अनुस्वार ( ं ) और अनुनासिक ( ँ ) लगाकर शब्द पूरे कीजिए।**



बंदर



साँप



चाँद



अँगीठी



घंटा




मूँछ

# 4. शब्द और वाक्य

## देखें कितना सीखा

**1. वर्णों को सही क्रम में लगाकर उचित शब्द बनाइए।**







म इ ली **इमली** गो ख श र **खरगोश** ग दू र जा **जादूगर**

**2. चित्र देखिए और एक-एक वाक्य लिखिए।**

बच्चे बारिश में खेल रहे हैं। नल से पानी आ रहा है।

लड़का किताब पढ़ रहा है। लड़का तैर रहा है।

**3. शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य लिखिए।**

(क) राशि है खेलती फुटबॉल। **राशि फ़ुटबॉल खेलती है।**

(ख) रोते-रोते गया सो बच्चा। **बच्चा रोते-रोते सो गया।**

(ग) जाएगा हो बाज़ार जल्दी बंद। **बाज़ार जल्दी बंद हो जाएगा।**

(घ) रहा बीन है बजा सपेरा। **सपेरा बीन बजा रहा है।**

**4. चित्र देखकर शब्द-सीढ़ी में शब्द पूरे कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ला | ब | | | | |
| | | स | ड़ | क | | |
| | | | | म | | |
| | | | | ल | ड़ | का |
| | | | | | | र |

**5. अंतर ढूँढ़िए – इन चित्रों में पाँच अंतर हैं, ढूँढ़कर गोला लगाइए।**

**बच्चे स्वयं करें।**


# 5. संज्ञा

## देखें कितना सीखा

**1. चित्रों को देखिए और उनका नाम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।**



राहुल **तितली** पकड़ना चाहता है।



**ताजमहल** आगरा शहर में है।



**मछली** पानी में छलाँग लगा रही है।




माँ ने पीले रंग की **साड़ी** पहनी।

**2. चित्रों को पहचानकर उनके नीचे व्यक्ति, वस्तु, प्राणी तथा स्थान लिखिए।**



**व्यक्ति**




**स्थान**



**वस्तु**



**प्राणी**



**व्यक्ति**



**वस्तु**

**3. इन पंक्तियों में आए संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए।**

राजकुमार घोड़े पर सवार होकर चित्रगिरी पर्वत की ओर चल पड़ा। वहाँ उसने एक सरोवर देखा। उसे पता था परियाँ सरोवर के पास ही रहती हैं। उसने वहीं रुककर परियों को ढूँढ़ने का फ़ैसला किया। वह ज़मीन पर चादर बिछाकर सो गया। थका हुआ था इसलिए उसे गहरी नींद आ गई। जब आँख खुली तो दिन निकल आया था।

**4. वर्ग पहेली में से स्थानों के नाम ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुं | ब | ई | पं | दि |
| बा | ची | न | जा | ल्ली |
| ज़ा | बं | अ | ब | ह |
| र | ग | प | ट | ना |
| रू | लु | आ | ग | रा |
| स | रू | अ | स | म |

मुंबई

दिल्ली

चीन

रूस

आगरा

पंजाब

बाज़ार

बंगलुरू

पटना

असम

**5. चित्र में से पाँच संज्ञा शब्दों के नाम लिखिए।**



सोफा

जग

आदमी

लड़का

मेज़

# 6. लिंग

## देखें कितना सीखा

**1. रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर खाली स्थान भरिए।**

(क) **पिता जी** और **माता जी** बाज़ार गए।

(ख) **बकरी** घास खा रही है, **बकरा** सो रहा है।

(ग) **चूहा** रोटी खा गया और **चुहिया** देखती रह गई।

(घ) **सेठानी** ने हलवा बनाया, **सेठ** ने मज़े से खाया।

(ङ) **बेटी** और **बेटा** एक समान होते हैं।

**2. स्त्रीलिंग और पुल्लिग शब्दों को उनकी सही जगह लिखिए।**


| पुल्लिग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| ताऊ | मुरगा माली | ताई |
| माली | ताऊ शेर | मालिन |
| शेर | मालिन शेरनी | शेरनी |
| मुरगा | मुरगी गाय | मुरगी |
| गाय | ताई बैल | बैल |

**3. दिए गए पुल्लिग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए।**

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| मोर | **मोरनी** | नाना | **नानी** |
| चिड़ा | **चिड़िया** | पुत्र | **पुत्री** |
| चाचा | **चाची** | बेटा | **बेटी** |

**4. चित्रों को उनके स्त्रीलिंग-पुल्लिग शब्द से मिलाइए।**



दादी राजा हथिनी मालिन

# 7. वचन

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) वचन किसे कहते हैं?**

शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।

**(ख) वचन के कितने भेद होते हैं?**

वचन के दो भेद होते हैं– एकवचन और बहुवचन।

**(ग) बहुवचन की परिभाषा बताइए।**

शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं।

**2. शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए।**

(क) मेला – **मेले**

(ख) चादर – **चादरें**

(ग) पंखा – **पंखे**

(घ) माता – **माताएँ**

(ङ) खिड़की – **खिड़कियाँ**

(च) चुहिया – **चुहियाँ**

(छ) गुब्बारा – **गुब्बारे**

(ज) ताला – **ताले**

**3. वाक्यों को पढ़कर रंगीन शब्दों के वचन लिखिए।**

(क) **पेड़** झूम रहे हैं। **बहुवचन**

(ख) **हाथी** जा रहे हैं। **बहुवचन**

(ग) **झंडा** लहरा रहा है। **एकवचन**

(घ) **बस** चल रही है। **एकवचन**

(ङ) **बच्चा** नहा रहा है। **एकवचन**

(च) **पत्ते** टूट गए। **बहुवचन**

4. **रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) **बच्चे** बारिश में नहाए। **बच्चा बारिश में नहाया।**


(ख) **चाबी** नहीं मिल रही है। **चाबियाँ नहीं मिल रही हैं।**

(ग) **लड़की** ने गुड़िया खरीदी। **लड़कियों ने गुड़ियाँ खरीदीं।**


(घ) ये **पतंगें** सुंदर हैं। **यह पतंग सुंदर है।**

(ङ) **रोगी** ने दवाई खाई। **रोगियों ने दवाई खाई।**

5. **चित्र देखकर एकवचन-बहुवचन लिखिए।**




**बहुवचन**



**एकवचन**



**बहुवचन**



**एकवचन**

6. **रास्ता ढूँढ़िए– एक खरगोश को गाजरों तक पहुँचाइए।**

**बच्चे स्वयं करें।**

# 8. सर्वनाम

## देखें कितना सीखा

1. **रंगीन शब्दों की जगह उचित सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) मनु को **मनु** का भाई पढ़ाता है।

मनु को उसका भाई पढ़ाता है।

(ख) नेहा ने **नेहा** की बहन को आवाज़ लगाई।

नेहा ने उसकी बहन को आवाज़ लगाई।

(ग) रितु ने कहा, "**रितु** का घर बड़ा है।"

रितु ने कहा, "मेरा घर बड़ा है।"

(घ) माँ ने विभु से पूछा, "**विभु** ने पाठ याद कर लिया?"

माँ ने विभु से पूछा, "तुमने पाठ याद कर लिया?"

2. **निम्नलिखित पंक्तियाँ पढ़िए और सर्वनाम शब्द पर गोला लगाइए।**

गुरु नानक जी एक महान संत थे। उनका जन्म 15 अप्रैल, 1469 को तलवंडी नामक गाँव में हुआ था। इस स्थान को ननकाना साहिब भी कहते हैं। एक बार उनके पिता जी ने उन्हे सच्चा सौदा करने के लिए कुछ पैसे दिए। रास्ते में उन्हें कुछ भूखे साधु मिले। उन्होंने उन पैसों से उन्हे खाना खिला दिया।

3. **बॉक्स में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | माता | मेरा | पहाड़ |
| उसका | वृक्ष | अपने | वे |
| उन्हें | हम | पुस्तक | मेघा |
| आप | नदी | यह | मित्र |

वे मैं उन्हें अपने मेरा

हम यह आप उसका

4. **सही सर्वनाम से खाली स्थान भरिए।**

(क) वाणी **तुम** कहाँ जा रही हो?

माँ **मैं** खेलने जा रही हूँ।

(ख) हनी क्या **यह** घड़ी **तुम्हारी** है?

हाँ, **मैं** कब से **इसे** ढूँढ़ रहा था।

(ग) नानी **आपने** दवाई खा ली?

हाँ, मीरा **मैंने** दवाई खा ली है।

**5. गलत सर्वनाम शब्द पर ( ✗ ) लगाइए और सही सर्वनाम से वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) मेरे✗को तुम्हें एक बात बतानी है।

**मुझे** तुम्हें एक बात बतानी है।

(ख) कल हम सब तुम✗का घर आएँगे।

कल हम सब **तुम्हारे** घर आएँगे।

(ग) हमारे✗को कल भोपाल जाना है।

**हमें** कल भोपाल जाना है।

(घ) क्या हरीश ने तुम्हारे✗को नहीं बुलाया?

क्या हरीश ने **तुम्हें** नहीं बुलाया?

# 9. विशेषण

## देखें कितना सीखा

**1. इन पंक्तियों में से विशेषण छाँटकर लिखिए।**

| | विशेषण |
|---|---|
| नीले आसमान के नीचे, | **नीले, नीचे** |
| पीले-पीले फूल खिले। | **पीले** |
| खुशबू से महकी फुलवारी, | **खुशबू** |
| सुंदर लगती है हर डाली। | **सुंदर** |

**2. सही विशेषण चुनकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए।**

| मीठा | मेहनती | अच्छा | चालाक | जल्दी |
|---|---|---|---|---|

(क) फल खाना सेहत के लिए **अच्छा** होता है।

(ख) सुबह **जल्दी** उठना चाहिए।


(ग) किसान बहुत **मेहनती** होता है।

(घ) लोमड़ी एक **चालाक** जानवर है।

(ङ) शहद बहुत **मीठा** है।

**3. इन चित्रों के लिए अपने मन से दो-दो विशेषण शब्द लिखिए।**







| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुंदर** | फूल | **बड़ा** | हाथी | **बड़ा** | घर |
| **सफ़ेद** | फूल | **मोटा** | हाथी | **सुंदर** | घर |

**4. अपने मित्र या सहेली का नाम लिखकर उसके गुणों पर गोला लगाइए।**

बच्चे स्वयं करेंगे।

# 10. क्रिया

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) क्रिया किसे कहते हैं?**

जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चले, उसे क्रिया कहते हैं।

**(ख) कुछ क्रिया शब्द बताइए।**

दौड़ना, पढ़ना, रोना, सोना, धोना।

**2. वाक्यों में क्रिया का सही रूप लिखिए।**

(क) छत पर मोर **नाच** रहा है। (नाचना)

(ख) बच्चे शोर **मचा** रहे हैं। (मचाना)

(ग) अब तुम अपने घर **जाओ**। (जाना)

(घ) खाना **खाकर** जल्दी से **सो जाओ**। (खाओ, सोना)

**3. चित्रों को देखिए और क्रिया का नाम लिखिए।**


तैरना


झूलना


नाचना

**4. संज्ञाओं को रेखा खींचकर क्रियाओं से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) कलियाँ | बरसना |
| (ख) गले | खेलना |
| (ग) बादल | हिलाना |
| (घ) खेल | मिलना |
| (ङ) हाथ | खिलना |

**5. नीचे दिए गए क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए।**


(क) पढ़ना — **रमन पुस्तक पढ़ रहा है।**

(ख) हँसना — **बच्चे जोकर को देखकर हँसने लगे।**

(ग) डरना — **रमा को अँधेरे से डर लगता है।**

**वाक्य बच्चे स्वयं बनाएँगे।**

**6. शरीर के ये अंग क्या काम करते हैं? लिखिए।**

(क)  **देखना**

(ख)  **चलना**

(ग)  **सुनना**

(घ)  **सूँघना**

(ङ)  **चबाना**

(च)  **पकड़ना**

# 11. विलोम शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) विलोम शब्द की परिभाषा बताइए।**

किसी शब्द का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

**(ख) 'धनी' शब्द का विलोम शब्द बताइए।**

निर्धन

**2. सही विलोम शब्द पर (✓) का निशान लगाइए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) सच | × | झूठ | ✓ | झूठा | | |
| (ख) आना | × | गया | | जाना | ✓ | |
| (ग) नया | × | गंदा | | पुराना | ✓ | |
| (घ) ऊँचा | × | नीचा | ✓ | छोटा | | |

**3. शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

(क) जन्म × **मृत्यु**  (ख) पुराना × **नया**

(ग) सरदी × **गरमी**  (घ) हानि × **लाभ**

(ङ) जीत × **हार**  (च) डरपोक × **निडर**

**4. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।**

(क) यह तो **गीली** चादर है, **सूखी** लाओ।

(ख) जितनी **आय** हो, उतना ही **व्यय** करो।

(ग) तुम बहुत **मोटे** हो, व्यायाम करो ताकि **पतले** हो सको।

(घ) क्या तुम इस **प्रश्न** का **उत्तर** बता सकते हो?

(ङ) खेल में **हार-जीत** तो लगी रहती है।

(च) सड़क पार करते समय **दाएँ-बाएँ** देखना चाहिए।

(छ) रमन **परिश्रमी** है पर नकुल **आलसी**।

(ज) लता को सारे **प्रश्न-उत्तर** याद हैं।

# 12. समानार्थी शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. रेखा खींचकर समानार्थी शब्दों के जोड़े बनाइए।**


| | |
|---|---|
| जल | पुत्री |
| दीपक | फूल |
| पुष्प | सवेरा |
| बेटी | दीया |
| सुबह | नीर |

**2. चित्रों के सामने उनके दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**




घर

सदन



नयन

नेत्र



गज

हस्ती



वृक्ष

तरु

**3. वृक्ष में से शब्दों के पर्यायवाची चुनकर लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| आँख | **नयन** | **नेत्र** |
| औरत | **महिला** | **स्त्री** |
| प्रकाश | **रोशनी** | **उजाला** |
| चंद्रमा | **चाँद** | **शशि** |
| रात | **निशा** | **रात्रि** |



# 13. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. चित्रों के लिए उनके अनेक और एक शब्द दोनों लिखिए।**



जो सेना में काम करता है – सैनिक



जो सोने के गहने बनाता है – सुनार



जो मूर्ति बनाता है – मूर्तिकार

**2. सही एक शब्द पर (✓) का निशान लगाकर वाक्य पूरे कीजिए।**

(क) जतिन कविता लिखता है। वह ______ है।

(i) कवि ✓ (ii) लेखक ☐ (iii) कहानीकार ☐

(ख) हम विद्या ग्रहण करते हैं। हम ______ हैं।

(i) पाठक ☐ (ii) विद्यार्थी ✓ (iii) लेखक ☐

(ग) रविवार सप्ताह में एक बार आता है। यह ______ है।

(i) दैनिक ☐ (ii) मासिक ☐ (iii) साप्ताहिक ✓

(घ) शाक-सब्ज़ी खाने वाले को ______ कहते हैं।

(i) शाकाहारी ✓ (ii) मांसाहारी ☐ (iii) फलाहारी ☐

**3. एक शब्दों को उनके अनेक शब्दों से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) आज्ञाकारी → | जो आज्ञा का पालन करे |
| (ख) दयालु → | जो सब पर दया करे |
| (ग) मासिक → | महीने में एक बार होने वाला |
| (घ) पुस्तकालय → | जहाँ पुस्तकें रखी जाती हैं |

# 14. शुद्ध-अशुद्ध शब्द एवं वाक्य

## देखें कितना सीखा

**1. इन शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सनेह | **स्नेह** | (ख) | मतबल | **मतलब** |
| (ग) | अहार | **आहार** | (घ) | प्रनाम | **प्रणाम** |
| (ङ) | पत्नि | **पत्नी** | (च) | नमश्कार | **नमस्कार** |
| (छ) | विशेस | **विशेष** | (ज) | प्रान | **प्राण** |

**2. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मैंने दूध पीना है। | **मुझे दूध पीना है।** |
| (ख) | पक्षी पेड़ में बैठा है। | **पक्षी पेड़ पर बैठा है।** |
| (ग) | हमने काम करा है। | **हमने काम किया है।** |
| (घ) | कुरसी में बैठ जाओ। | **कुरसी पर बैठ जाओ।** |
| (ङ) | ताज़ा गाय का दूध पियो। | **गाय का ताज़ा दूध पियो।** |
| (च) | तुम इधर आइए। | **तुम इधर आओ।** |
| (छ) | हम स्कूल जाता है। | **हम स्कूल जाते हैं।** |
| (ज) | मेरा भाई व्यायाम करते हैं। | **मेरा भाई व्यायाम करता है।** |

**3. पोटली में से शुद्ध और अशुद्ध शब्द अलग-अलग करके लिखिए।**

| **अशुद्ध शब्द** | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|
| झूट | विशेष |
| चरन | प्रणाम |
| बज़ार | उत्पात |
| परतीक | आयु |
| दांत | क्षमा |



**4. निम्नलिखित पंक्तियों में कुछ अशुद्ध शब्द आ गए हैं। उनपर गोला लगाइए और शुद्ध रूप लिखिए।**

एसा कोई पेड़ लगाएँ,
घर-आगन दोनों मुसकाएँ।
साम-सवेरे चह-चह करतीं,
पयारी चंचल चिड़ियाँ आएँ।
जो भी देखे फूल मनौहर,
वे पल में खुश हो जाएँ।
बिन माँगे ही रोज़ मिलेंगी,
सेहत वाली शुद्ध हवाएँ।

| | | |
|---|---|---|
| ऐसा | आँगन | शाम |
| प्यारी | मनोहर | |

# 15. मुहावरे

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

**(क) मुहावरा किसे कहते हैं?**

विशेष अर्थ में प्रयोग होने वाले शब्दों के समूह को मुहावरा कहते हैं।

**(ख) 'आँख का तारा' मुहावरे का अर्थ बताइए।**

बहुत प्यारा।

**(ग) 'काम के लिए मना करना' इसका सही मुहावरा बताइए।**

अँगूठा दिखाना।

**2. चित्र पहचानिए और मुहावरा लिखिए।**



भीगी बिल्ली बनना



कान भरना



किताबी कीड़ा



लाल-पीला होना

**3. मुहावरों का प्रयोग कर वाक्य लिखिए।**

बच्चे स्वयं वाक्य प्रयोग करेंगे।

**4. सही मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| पीठ थपथपाना | आँख का तारा | नौ-दो ग्यारह |
| घी के दीये जलाना | पानी-पानी होना | |

(क) बच्चे माता-पिता की **आँख का तारा** होते हैं।

(ख) दादी ने खुशी में **घी के दीये** जलाए।

(ग) अच्छे अंक आने पर सबने राहुल की **पीठ थपथपाई**।

(घ) पुलिस को आता देख चोर **नौ-दो ग्यारह** हो गए।

(ङ) सबके सामने सुनीता का झूठ पकड़ा गया तो वह **पानी-पानी** हो गई।

**5. मुहावरे के सही अर्थ पर (✓) लगाइए।**

(क) भीगी बिल्ली बनना –

(i) डर जाना ☑ (ii) ललचा जाना ☐

(ख) आँख लगना –

(i) तैयार होना ☐ (ii) नींद आना ☑

(ग) फूला न समाना –

(i) बहुत खुश होना ☑ (ii) बहुत शर्मिंदा होना ☐

(घ) हाथ मलना –

(i) काम बिगाड़ना ☐ (ii) पछताना ☑

**6. दिए गए वाक्यों में कुछ गलत मुहावरे लग गए हैं। उन्हें रेखांकित कीजिए और सही मुहावरा लिखिए।**

(क) भूख के कारण मेरे <u>सिर पर चूहे कूद</u> रहे हैं।

भूख के मारे मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।

(ख) यदि समय व्यर्थ करोगे तो बाद में <u>हाथ मसलते</u> रह जाओगे।

यदि समय व्यर्थ करोगे तो बाद में हाथ मलते रह जाओगे।

# 16. पत्र-लेखन

## देखें कितना सीखा

**1. आपने खेलों में पुरस्कार प्राप्त किया है। अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए।**

29, बड़ा बाज़ार

ए-1027, लक्ष्मी नगर

दिल्ली

22 अक्तूबर, 20××

प्रिय मित्र

सुरेश

तुम कैसे हो, मैं बहुत खुश हूँ। हमारे विद्यालय में खेल प्रतियोगिता हुई थी। इसमें कई खेल हुए जैसे–खो-खो, दौड़, कबड्डी, क्रिकेट आदि।

मैंने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में हमारे विद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में भाग लेकर मुझे बहुत मज़ा आया। शेष मिलने पर बात करेंगे।

तुम्हारा मित्र

अखिलेश

**2. पत्र भेजने वाले लिफ़ाफ़े पर अपने नाना जी के घर का पता भरिए।**

बच्चे स्वयं लिखेंगे।

**3. आप अपनी मौसी को पत्र लिखना चाहते हैं। पता और संबोधन कैसे लिखेंगे? लिखिए।**

बच्चे स्वयं लिखेंगे।

**4. आपके पिता जी ने आपको एक साइकिल दी है। अपने मित्र को इस बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।**

नेहरू प्लेस

दिल्ली

दिनांक – 29 अक्तूबर, 20××

प्रिय मित्र नैतिक

सस्नेह

मैं ठीक हूँ। आशा है तुम भी स्वस्थ होगे। पिछले दिनों मैंने तुम्हें बताया था न कि पिता जी ने मुझसे वादा किया है कि मेरे अच्छे अंक आने पर वे मुझे एक साइकिल लाकर देंगे। इस बार कक्षा में मेरे सबसे अधिक अंक आए तो पिता जी ने वार्षिक परीक्षा से पहले ही मुझे एक साइकिल लाकर दी।

पिता जी मेरे अंकों से खुश थे और मैं नई साइकिल को पाकर।

शेष मिलने पर। घर पर सभी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र

राजन

# 17. चित्र-वर्णन

## देखें कितना सीखा

**चित्रों को देखिए और इनके बारे में सात-आठ पंक्तियाँ लिखिए।**

**( क ) स्कूल की पिकनिक**



यह एक विद्यालय की पिकनिक का चित्र है। चित्र में एक बड़ा-सा बाग दिखाई दे रहा है जिसमें चारों ओर पेड़-पौधे और हरियाली दिखाई दे रही है। बाग में एक छोटा-सा तालाब भी है। एक लड़का और लड़की तालाब में कागज़ की नाव तैरा रहे हैं। दो लड़के फुटबॉल से खेल रहे हैं। कुछ बच्चे पकड़म-पकड़ाई का खेल खेलते भी दिखाई दे रहे हैं। थोड़ी दूरी पर विद्यालय की बस खड़ी है। कुछ बच्चे अध्यापिकाओं के साथ बैठकर खाने-पीने का सामान रखने में सहायता कर रहे हैं।

**( ख ) बारिश आई, झम-झम-झम**








यह बारिश का चित्र है। इस चित्र में दो बच्चे बारिश में कागज़ की नाव तैराते हुए दिखाई दे रहे हैं। बारिश के पानी में मेंढक छलाँग लगा रहे हैं। एक लड़का छाता लेकर जा रहा है। दो लड़के नाचते-कूदते हुए बारिश में भीगने का मज़ा ले रहे हैं। एक घर की खिड़की से एक महिला अपने बच्चों को अंदर आने के लिए बुला रही हैं। उनके हाथ में एक प्लेट है जिसमें पकौड़े रखे हैं। शायद उन्होंने पकौड़े बनाए हैं। वही खाने के लिए वे बच्चों को बुला रही हैं।

# 18. कहानी-लेखन

## देखें कितना सीखा

**1. चित्रों को देखकर और समझकर कहानी लिखिए।**

एक दरज़ी की दुकान पर प्रतिदिन एक हाथी आता था। वह अपनी सूँड ऊपर करके दरज़ी को प्रणाम करता था। उसे देखकर दरज़ी को बहुत खुशी होती। वह उसे प्यार से पुचकारता और उसे केला खाने के लिए देता। वह केला मुँह में रखकर झूमता हुआ चला जाता। थोड़ी देर बाद लौटते समय हाथी अपनी सूँड़ में फूल भरकर लाता और दरज़ी पर फूलों की वर्षा करता। पूरी दुकान फूलों की खुशबू से महक उठती। एक बार दरज़ी दूसरे शहर गया। दुकान में उसका बेटा बैठने लगा। हाथी रोज़ की तरह आया और उसने अपनी सूँड़ उठाकर दरज़ी के बेटे को प्रणाम किया पर दरज़ी के बेटे ने उसे भगाने की कोशिश की, परंतु वह टस से मस न हुआ। लड़के ने क्रोध में उसकी सूँड़ में सुई चुभा दी। हाथी दर्द से बिलबिलाता हुआ वहाँ से चला गया। थोड़ी देर बाद हाथी अपनी सूँड़ में नदी की कीचड़ भरकर लौटा और उसने दरज़ी के बेटे पर कीचड़ बरसाना शुरू कर दिया। दरज़ी का बेटा भौचक्का देखता रह गया।


**शिक्षा** – पशु प्रेम की भाषा ही समझते हैं। उनसे केवल प्रेम करना चाहिए।

**2. संकेतों की सहायता से कहानी लिखिए।**

**संकेत बिंदु** – ❖ दो बकरियाँ ❖ नदी पर घास चरने जाना ❖ नदी पर लकड़ी का पतला-सा पुल ❖ बकरियों का दोनों ओर से एक साथ चढ़ना ❖ बीच में रुकना ❖ पुल कैसे पार किया जाए, सोचना ❖ एक बकरी का पुल पर बैठना ❖ दूसरी बकरी का उसके ऊपर से जाना ❖ इस तरह नदी पार करना।

**बच्चे स्वयं छोटे-छोटे वाक्य बनाकर कहानी लिखने का प्रयास करें।**

3. चित्र देखिए और कहानी का सही क्रम लिखिए।


1


2


3


4